हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 शिविरों के माध्यम से गांव-गांव पहुंच रही केंद्र शासन ...


11 जिले में आयोजित संकल्प यात्रा शिविरों में ...


## खबर संक्षेप

### चिंगरी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 12 से

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। इस अवसर पर कलश यात्रा, युग संगीत, सामूहिक जाप, दीप महायज्ञ, प्रज्ञायोग व पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार जैसे विभिन्न संस्कार आयोजित किए जाएंगे। प्रेमलाल सिन्हा ने उक्त जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### मोहंदीपाट में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अंडा।** ग्राम मोहंदीपाट में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से शुरू होगी। लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने बताया कि कथा वाचक संत श्री निरंजन महाराज जी होंगे। पहले दिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री भागवत स्थापना पूजा, श्री गोकर्ण कथा होगी। दूसरे दिन मंगलाचरण, धर्म पृथ्वी संवाद कलियुग को दंड, परीक्षित को शाप, श्री सुकदेव का घर आगमन होगा। शुक्रवार को सृष्टि वर्णन विदुर कथा, वाराह अवतार सती चरित्र, शिव विवाह, शनिवार को ध्रुव चरित्र भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र का वर्णन करेंगे। 7 जनवरी को गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बाली प्रसंग, 8 जनवरी को श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, 9 को वृन्दावन लीला मथुरागमन कंसवध, श्री रुखमणी मंगल कथा वर्णन, 10 को श्री सुदामा चरित्र द्वारिका तीला भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष के बाद भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण, चढौत्री कार्यक्रम होगा। 11 जनवरी को श्री गीतासार प्रवचन हवनपूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा स्नान होगा।

### पेंशनर समाज की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर की तहसील शाखा डौण्डीलोहारा एवं मार्री बंगला देवरी की संयुक्त बैठक 5 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कृषि पेंशनर भवन में रखी गई है। इस बैठक में नये सत्र 2024 की सदस्यता ग्रहण करने, सन 2023 की आय-व्यय का हिसाब, जिला एवं खंड की सदस्य संख्या की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस वर्ष की जिला पेंशनर सम्मेलन गुरूर एवं प्रांतीय सम्मेलन रायपुर की जानकारी दी जाएगी एवं समीक्षा की जाएगी। सन 2024 में पेंशनरों की बैठक कहाँ-कहाँ होगी, इस पर चर्चा की जाएगी। नव निर्माण पेंशनर भवन के संबंध में चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष सिया राम शार्वा ने नव वर्ष 2024 की बधाई देते हुए बैठक में समस्त पेंशनर साथियों एवं बहनों से शामिल होने का आग्रह किया है।

# वाहन चालकों की हड़ताल से आम नागरिकों को न हो कोई परेशानी : साय

## मुख्यमंत्री ने हिट एंड रन के नए कानून को देखते हुए ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल के कारण आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त, आईजी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हड़ताल के दौरान आम नागरिकों के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री साय ने हड़ताल अवधि के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रखने हेतु सभी कलेक्टरो एवं पुलिस अधीक्षको को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने ट्रक चालकों के हड़ताल को देखते हुए राज्य में आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जानकारी दी। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि राज्य में हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है एवं व्यवस्था सामान्य बनाए रखने हेतु हर स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### नियम का पालन करने वालों को कोई परेशानी नहीं

मुख्यमंत्री साय ने हिट एंड रन के नए कानून के फलस्वरूप ट्रक ड्राईवरों के हड़ताल के दौरान हर हाल में शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कानून व्यवस्था नियंत्रित रखने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी उपाय किए जाएं। साय ने अधिकारियों को हड़ताल कर रहे ट्रक चालकों से लगातार संवाद करने तथा उन्हें इस नये कानून के वास्तविकता के संबंध में जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि इस नये कानून के संबंध में वाहन चालकों को भ्रमित होने की बिलकुल भी आवश्यकता नहीं है। इस नये कानून के तहत नशापान करके एवं लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी, जो कि आम लोगों के हित में है। इस नये कानून से नियमानुसार वाहन चलाने वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## समस्या : वाहन चालकों की हड़ताल के कारण दूसरे दिन भी परेशान होते रहे लोग

# पेट्रोल पंपों में लगी वाहनों की लंबी कतार अपनी बारी के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार



### बसों के पहिए थमने से यात्री परेशान

केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन मामले में लाए गए नए कानून के विरोध में वाहन चालकों द्वारा हड़ताल की जा रही है। सरकार हड़ताल कर रहे चालकों की मांग को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं आया है, तो वहीं चालकों द्वारा आगे कब तक हड़ताल की जाएगी, इसकी जानकारी भी स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ रही है। इसका सीधा असर आमजनता पर पड़ रहा है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, पेट्रोल डीजल की किल्लत के साथ ही यात्री बसों के पहिये थमने के कारण भी लोग परेशान हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

वाहन चालकों के हड़ताल पर होने से दूसरे दिन भी लोग पेट्रोल और डीजल खरीदने काफी परेशान नजर आए। एक जनवरी को पेट्रोल पंपों में जितनी भीड़ रही, उससे कहीं ज्यादा भीड़ 2 जनवरी मंगलवार को देखने को मिली। मंगलवार को शहर में स्थित दो पेट्रोल पंप में से केवल एक ही पंप खुला था, जबकि दूसरा बंद रहा। दल्लीचौक में स्थित पेट्रोल पंप में लोग पेट्रोल और डीजल के लिए लंबी कतार लगी रही। मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 930 में वाहनों की कतार लगी रही, जबकि सैकड़ों मोटर साइकिल से पेट्रोल पंप परिसर खचाखच भरा हुआ था। पेट्रोल की किल्लत और ड्राइवरों की हड़ताल कब खत्म होगी, इसकी स्पष्ट जानकारी कोई नहीं दे पा रहा है। लोगों को स्थिति सामान्य होने का काफी इंतजार है। वहीं, भारी भरकम वाहन के चालक उनके लिए बनाए गए कठोर कानून पर संशोधन करने या उस कानून को रद्द करने का इंतजार कर रहे हैं।

■ मंगलवार को शहर का एक मात्र पंप खुला



### इंधन की किल्लत दूर करने प्रशासन मुस्तैद, 6 पंपों में उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार हिट एण्ड रन के नये कानून के फलस्वरूप ट्रक चालकों के हड़ताल के मद्देनजर हड़ताल के दौरान आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए बालोद जिला प्रशासन द्वारा जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। हड़ताल के दौरान आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्ता के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए जिले में आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त स्टॉक उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि वाहन चालकों के हड़ताल में चले जाने से पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि जिले के पेट्रोल पंपों से आम नागरिकों को समुचित मात्रा में पेट्रोल एवं डीज़ल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ठाकुर ने बताया कि बालोद जिले में कुल 65 पेट्रोल पंपों एवं 11 गैस एर्जेसिया स्थापित हैं। जिले में 2 जनवरी को जिले के ब्लू स्टॉर पेट्रोल पंप दल्लीराजहरा में 10 हजार लीटर पेट्रोल एवं 10 हजार लीटर डीजल, भाटिया फ्यूल्स बालोद में 10 हजार लीटर पेट्रोल एवं 10 हजार लीटर डीजल, रूपेश जैन फ्यूल्स डौण्डी में 10 हजार लीटर पेट्रोल एवं 10 हजार लीटर डीजल, गीता फ्यूल्स डौण्डीलोहारा में 10 हजार लीटर पेट्रोल एवं 10 हजार लीटर डीजल, निर्मल फ्यूल्स चिटौद गुरूर में पेट्रोल 10 हजार लीटर पेट्रोल एवं 15 हजार लीटर डीजल एवं नॉनकानी फ्यूल्स चिटौद में 09 लीटर ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ आम जनता की मदद के लिए 24 घण्टे क्रियाशील रहेगा कंट्रोल रूम

### जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने बनाया गया कंट्रोल रूम

बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार भारत सरकार के हिट एंड रन संबंधी आदेश के विरूद्ध पेट्रोल, डीजल, एलपीजी सिलेण्डर एवं वाहनों के चालकों की हड़ताल के दौरान जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापति की गई है, ताकि जिले के आम नागरिकों के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में कंट्रोल रूम स्थापित की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07749–223950 है। आम जनता के मदद हेतु कंट्रोल रूम 24 घण्टा क्रियाशील रहेगा। इसके लिए अलग–अलग पालियों में अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। जिसके तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक ग्रेड 03 पिंगल सिन्हा की ड्यूटी सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक लगाई गई है। पिंगल सिन्हा का मोबाईल नंबर 7067076174 है। इसी तरह आदिवासी विकास शाखा के सहायक ग्रेड 03 महेन्द्र ▸▸ शेष पेज 10 पर

# छड़ चोरी के मामले में 2 नाबालिग सहित 5 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम जमरूवा में हुए लोहे की छड़ चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस को 2 नाबालिग सहित 5 चोरों को पकड़ने में सफलता मिली है। चोरों ने चोरी की हुई छड़ को नाला और तालाब में छुपा कर रखा हुआ था। पकड़े गए सभी चोर ग्राम जमरूवा के ही रहने वाले हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी के छड़ को सभी चोर आपस में बंटवारा कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और सभी चोरों को चोरी के छड़ के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार इंदु सिन्हा पति राजकुमार सिन्हा जो कि ग्राम जमरूवा की सरपंच हैं, उन्होंने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य के लिए 06 बंडल लोहे की रॉड को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। गांव में ही मुखबिर लगाकर गांव के लड़कों पर नजर रखने की बात कही। इसी दौरान सूचना मिली कि चोरी का लोहे का रॉड कुल 6 बंडल को चोरों के द्वारा आपस में बाट रहे हैं, सूचना पर पुलिस के द्वारा पकड़ा गया व चोरी की छड़ को बरामद किया गया।

■ ग्राम जमरुआ में हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

पकड़े गए चोरों में आदित्य यादव पिता एवन यादव, शेष नारायण साहू पिता डोमन लाल साहू, मुकेन्द्र देवांगन पिता महेन्द्र देवांगन तथा दो नाबालिग लड़के भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, चोरी की 6 बंडल लोहे की छड़ को जब्त किया गया।

# जिले के आरटीओ कार्यालय में हो वाहनों की फिटनेस जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



■ ट्रक परिवहन संघ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की व्यवस्था कराने की मांग

जिले के ट्रक मालिक जिले के आरटीओ कार्यालय में वाहनों का फिटनेस कार्य पुनः आरंभ कराने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उम्मीद लगाए बैठे हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं परिवहन मंत्री भी हैं।

ट्रक परिवहन संघ द्वारा बालोद जिला के आरटीओ कार्यालय में पुनः पंजीकृत वाहनों का फिटनेस कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। इसके साथ ही सात अलग अलग बिंदुओं पर भी संघ ने मांग की है। ट्रक परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक ने बताया कि अभी बालोद के वाहन मालिक को इस कार्य के लिए दूसरे जिला के आरटीओ कार्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान के साथ अधिक समय भी लग रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि बालोद ट्रक मालिक संघ ने यह मांग पूर्व में लिखित तौर पर उठाया था, पर कुछ समय के लिए चालू करते हैं फिर बिना कारण के बंद कर देते हैं। बालोद जिला बनने से पूर्व से यहाँ पर दूसरे जिले की पंजीकृत वाहन है, जबकि जिले में आरटीओ कार्यालय स्थापित हो गया। ऐसे में बालोद के आरटीओ कार्यालय में फिटनेस कार्य हो सकता है, जिससे वाहन मालिकों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। परिवहन संघ के अध्यक्ष मनोज चांडक और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद इकाई के अध्यक्ष राजू पटेल ने वाहन मालिकों को 7 बिन्दुओं पर राहत देने की मांग की है, जिसमें रोड टैक्स में कटौती, सभी आरटीओ बेरियर बन्द किया जाए। फिटनेस के नाम पर अनावश्यक खर्च में कटौती किया जाए, वार्षिक बीमा राशि मे कटौती किया जाए, सभी आरटीओ कार्यलय में लाइंसेंस नवीनीकरण कार्य की सुविधा उपलब्ध हो, आरटीओ कार्यालय में सभी जिले के पंजीकृत वाहनों की फिटनेस जांच कर प्रमाण पत्र दें तथा टोल टैक्स में कटौती की जाए।

## कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिलने से परेशान मध्यान्ह भोजन संचालन समूहों ने बंद किया काम

# आखिर दम तोड़ गई मध्यान्ह भोजन योजना, टिफिन लेकर आ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

एक ओर जहां शासन-प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का दावा करते नहीं थकते, वहीं योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने जिम्मेदार अधिकारियों को या तो समय नहीं है, या फिर जानकारी होने के बाद भी वे उस ओर से आंख मूंद लेते हैं। उधर, अव्यवस्था का खामियाजा उन योजनाओं से जुड़े लोगों को उठाना पड़ता है। कुछ ऐसा ही जिले के शासकीय स्कूलों का है, जहां बार-बार जानकारी देने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं किए जाने का खामियाजा, एक ओर जहां वहां पढ़ने वाले बच्चों को उठाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूहों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय स्कूलों के बच्चों को अब मध्यान्ह भोजन मिलना बंद हो गया है। ऐसे में स्कूली बच्चे अपने घर से टिफिन लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं।

■ बार-बार जानकारी देने और राशि मांगे जाने के बाद भी नहीं मिली मदद




स्कूलों में मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने से बच्चों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है, क्योंकि बच्चे घर से टिफिन में खाना लेकर स्कूल आ रहे हैं और स्कूल में ही दोपहर का भोजन कर रहें हैं। लेकिन, दूसरी ओर कर्ज से लदे मध्यान्ह भोजन संचालकों और रसोइयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोइयों व मध्यान्ह भोजन संचालकों को बीते चार माह से वेतन नहीं मिला है।

### चार माह उधार लेकर चलाया काम

संचालकों द्वारा दुकानों से राशन सामग्री उधार लेकर बच्चों के लिए खाना बनाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन चार माह से लगातार उधार में चल रहा मध्यान्ह भोजन आखिर कब तक चलता। दुकानदारों ने जब मध्यान्ह भोजन संचालकों पर ज्यादा दबाव बनाने शुरू कर दिया, तो आर्थिक रूप से कमजोर पड़े संचालकों और रसोइयों को आख़िरीकार स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाना बंद करना पड़ गया। यह स्थिति कब तक रहेगी, इसकी जानकारी मध्यान्ह भोजन संचालक संघ भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे हैं।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### संकल्प यात्रा के दौरान मच्छरदानी वितरित

**दुर्ग ।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, जापानी इंफेलाईटीस रोगों के रोकथाम हेतु राज्य से निःशुल्क प्रदाय दीर्घकालिक दवा लेपित वाहक रोधी मच्छरदानी ग्रामीणों को वितरित किया गया। ग्राम उमरपोटी में 1 जनवरी को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने उक्त वितरण किया। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर ग्राम डुमरडीह एवं उमरपोटी के पटवारी को अभिनंदन पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ जेपी मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे, एमटीएस लक्की दुबे, विवेक कापरे, एसआईए एसके पटेरिया एसआईए कमल नारायण तिवारी प्रभारी एमआई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के बीईटीओ विक्रम रामटेके आरएचओ महिला-पुरूष एवं मितानिन, ग्रामीण जन समुदाय उपस्थित थे।

### फूलों से स्वागत कर राजस्व प्रकरणों की सुनवाई



**दुर्ग।** नए वर्ष का स्वागत अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने राजस्व न्यायालय में राजस्व संबंधी कार्यों के निपटारे के लिए आए हुए पक्षकारों, ग्रामीणों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता व शुभकामनाएं देकर किया। उत्साह के वातावरण में आम जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण की कार्यवाही की। समस्या के निदान हेतु आए लोगों की बातों को गंभीरता से सुनकर त्वरित गति से समाधान की कार्यवाही की गई। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया की वे प्रतिवर्ष नए वर्ष का स्वागत कुछ इसी तरह से शुरुवात करते है। लोगों की समस्याओं का निराकरण अपने न्यायालय में खुशनुमा अंदाज में, सौम्य वातावरण में करने में मजा आता है। पक्षकार न्यायालय से खुश होकर संतुष्ट होकर जाते है तो आत्मिक संतुष्टि मिलती है।

### बाल दिवस पर बच्चों को दिए सुसंस्कार



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में बाल दिवस पर सुसंस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे तुलसी पूजन भी कराया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

**योजना :** शहर के सरदार पटेल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा शिविर

# योजनाओं की जानकारी के साथ मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के सरदार पटेल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजनता तक पहुंचाने शिविर लगाया गया। जहां आम जनता केंद्र सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने आवेदन फार्म भरे गए, वहीं कई लोग अपात्र की श्रेणी में आने की वजह जानने इस शिविर में पहुंचे।

मैदान में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया गया था, जिसमे शहरवासी योजनाओं के बारे में समझने, जानकारी इकट्ठा करने तथा लाभ लेने पहुंचे। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना पीएम आवास योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्टप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन तथा स्वास्थ्य सेवा योजना से हितग्राहियों को लाभांवित करने का कार्य किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल को फ्री वाईफाई जोन भी बनाया गया। शिविर में क्विज प्रतियोगिता भी हुई। इसके अलावा एकल डांस एवं समूह डांस प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें 300 से अधिक बालक बालिकाओं ने भाग लिया इन प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक टीम भी बैठे थे।

कार्यक्रम में भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पार्षद कमलेश सोनी, भाजपा युवा अमित चोपड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, पार्षद रिक्षेद मोहन कलिहारी, योगराज भारती सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना नरेन्द्र मोदी ने की, निश्चित रूप से हम सबके लिए यह सौभाग्य है। हर घर मे नल, शौचालय तथा पक्का मकान होना चाहिए, जो 70 साल तक नहीं हुआ वह अब हो रहा है। 2014 से जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने तो उन्होंने देश में करोड़ो शौचालय निर्माण कराया, पक्का मकान दिलाया और आज भी पक्का मकान गरीब परिवार को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में कोई भी पात्र हितग्राही सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से न छूटे, इसका विशेष ध्यान रखना होगा।





### 18 लाख गरीब परिवार को पीएम आवास योजना का लाभ

भाजपा नेता यशवंत जैन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आज भारत विकसित भारत के नाम से पहचाने जाने लगा है। उन्होंने कहा कि माता बेटियों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने देश मे करोड़ों शौचालय बनाए गए। उन्होंने कहा कि 18 लाख गरीब परिवार को आवास योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है, पीएम मोदी ने कहा था महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा, उसमें भी कार्य जारी है, बहुत जल्द वह लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। बालोद को सजाने संवारने के लिए यहां के लोगों को लाभ दिलाने, बालोद शहरवासियों के उत्थान का काम हम करेंगे। भाजपा नेता यशवंत जैन ने कहा कि बालोद के युवाओं को आगे बढाने का काम करेंगे, उन्हें नशे की लत से बचाने यहां के जनप्रतिनिधियों का भी योगदान चाहिए।

### तालाब किनारे रहने वालों को भी मिले पीएम आवास योजना का लाभ : चोपड़ा

कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि यह शिविर जनता से सीधा जुड़ा हुआ है। केंद्र सरकार की स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में हमारा बालोद नगर पालिका टॉप टेन में जगह बनाया था, जिसके चलते केंद्र सरकार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि लोग कच्चे मकान से मुक्त हों और सबका छत वाला मकान हों। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि तालाब के पार में बसे शहरवासियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। नियम में यह बताया जा रहा है कि तालाब के किनारे मकान होने के कारण से कच्चा मकान वालों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जिसके कारण कई पात्र हितग्राहियों का नाम अपात्र की श्रेणी में आ गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि तालाब किनारे रहने वाले लोगों को आवास योजना का लाभ मिलना चहिये।

# मंच पर डेढ़ सौ युवक युवतियों ने दिया परिचय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ सोनकर समाज का प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह का आयोजन 24 व 25 दिसंबर को नगर पंचायत गुण्डरदेही के पुराना हाई स्कूल भवन में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय रखा तथा आदर्श विवाह का कार्यक्रम भी हुआ। आदर्श विवाह के जोड़े को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज एवं समस्त दानदाताओं की ओर से 59 हजार रूपए उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। उसके बाद राज्यभर से आए समस्त राज प्रमुखों को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

- गुण्डरदेही में हुआ सोनकर समाज का प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन

प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद थे, अध्यक्षता सोनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी लोहार जागृत सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, जिला पंचायत सदस्य रायपुर गैदलाल सोनकर, सामाजिक दानदाता संतुलाल सोनकर, चेतन सोनकर व अन्य समाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सामाजिक मद से निर्मित 51 लाख 76 हजार के निर्माणकार्यों के शिलालेख का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी केंद्रीय पदाधिकारी शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष अजय सोनकर, मूलचंद कौशल्या, भागवत इंदौरिया, मनोज पुरबिया, अनीता साकार, लीलेश सोनकर के साथ गुण्डरदेही के सामाजिक अध्यक्ष विजय सोनकर, लक्ष्मण सोनकर, अंगद सोनकर, सियाराम सोनकर, छगन सोनकर, बसंत सोनकर, कमल सोनकर, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ इंदौरिया, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष निहाल सोनकर, राहुल सोनकर एवं समस्त सामाजिक बंधुओं का योगदान रहा। इस अवसर पर सामाजिक संस्थाओं के आय-व्यय का अनुमोदन तथा महासभा 2024 की तिथि निर्धारण एवं व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। इसी क्रम में प्रति 5 वर्ष में होने वाले सामाजिक आम निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करते हुए आदर्श आचार संहिता की घोषणा की गई। उसके बाद 70 से अधिक सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। समापन कार्यक्रम में कांकेर सांसद मोहन मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, सासंद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, कोमल सोनकर आदि शामिल हुए। उक्त अवसर पर सांसद मंडावी ने सोनकर समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बताया।

### विद्यालय के लिए मांगी जमीन

समाज की ओर से महामंत्री चेतन सोनकर ने सांसद से मांग रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज पूरे प्रदेश में 14 स्कूलों का संचालन करता है, जिसमें सभी वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदाय किया जाता है, इसी क्रम में गुण्डरदेही में 15 वे स्कूल की स्थापना करने की मंशा जाहिर करते हुए स्कूल के लिए एक एकड़ शासकीय भूमि और आदर्श संरचना विकास के लिए राशि की मांग किया गया, जिस पर सांसद ने कहा कि आप लोग जमीन ढूंढ कर बताए विद्यालय बनाने के लिए पैसा देने का काम हमारा होगा। वहीं, विधायक कुंवर सिंह निषाद ने दूसरी बार गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने पर सोनकर समाज को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सोनकर समाज के उत्थान के लिए पुरा सहयोग रहेगा। उन्होंने भी जमीन की उपलब्धता होते ही विद्यालय निर्माण के लिए विधायक मद से राशि देने की बात कही।

# चम्पारण धाम में श्री शिव महापुराण कथा 7 से

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन एवं धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्राकट्य स्थली चम्पारण धाम में श्री शिव महापुराण कथा का पावन आयोजन 7 जनवरी से सात दिवसीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुर नगर व तहसील के माहेश्वरी समाज द्वारा भी व्यापक तैयारी की जा रही है।

- तैयारियों को लेकर हुई धमतरी जिला माहेश्वरी सभा की बैठक

श्री शिव महापुराण कथा के संयोजक गुरुर नगर निवासी हरीश टुवानी, संयुक्त मंत्री गोपाल राठी, अध्यक्ष गुलाब टावरी ने बताया कि शिव महापुराण कथा की शुरुआत 7 जनवरी को शोभायात्रा के साथ होगी। दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक कथा होगी। 13 जनवरी को यज्ञ एवं पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा। वृद्वावन बृजधाम के संत महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महराज के श्रीमुख से चम्पारण्य की पावन भूमि में स्थित श्री गोपाल धर्मशाला के मैदान में होने वाली कथा का 7 दिनों तक सीधा प्रसारण विभिन्न चैनलों से होगा। गत दिनों धमतरी जिला माहेश्वरी सभा की चम्पारण धाम में हुई बैठक में प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के पदाधिकारी व सभी जिला से प्रतिनिधि मंडल को आमंत्रण पत्र के साथ ही दायित्व सौंपा गया।

**सुंदरकांड पाठ व स्वास्थ्य शिविर का भी होगा आयोजन :** मिली जानकारी के अनुसार 8 से 10 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे सुबह तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन, अभिषेक एवं विसर्जन किया जाएगा। 9 जनवरी को रात्रि 8 बजे से प्रख्यात बिन्द से सुंदरकांड पाठ होगा। 10 जनवरी को निःशुल्क नेत्र रोग निदान, दंत रोग एवं कान, नाक, गला रोग का शिविर सुबह 9 बजे से 2 बजे दोपहर तक लगाया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आनंद परतानी, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश राठी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत जाजू अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।

# डौंडीलोहारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**डौंडीलोहारा।** नगर के जनपद कार्यालय के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन 3 जनवरी 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है। गौरतलब है कि भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा उनका लाभ हितग्राहियों को दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाया जा सके।

# जिले के किसानों ने 4 लाख 8 हजार मीट्रिक टन धान बेचा

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 177 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 97 हजार 573 किसानों द्वारा कुल 04 लाख 17 हजार 947 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 915 करोड़ 65 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 03 लाख 71 हजार 974 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 02 लाख 54 हजार 470 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 63 हजार 476 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5502 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,861 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।



# विधायक व आयुक्त ने स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नये वर्ष की पहली सुबह 60 वार्डो के अंतर्गत गली-मोहल्लों में सुबह घर के सामने पहुँची वार्डों के नागरिकों ने उन्हें फूल देकर सम्मानित किया। स्वच्छता दीदीयों के सम्मान में नववर्ष की पहली सुबह स्वच्छता दीदीयों का फूल देकर सैकड़ो से अधिक परिवारों ने सम्मानित किया। शहर के वार्डों के पार्षदों व नागरिकों ने शाल, श्रीफल व फूल देकर सम्मान किया। इसके लिये सफाई दीदीयों ने नागरिकों का आभार माना। विधायक गजेंद्र यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, अब्दुल गनी, दीपक साहू, जयश्री जोशी, मनदीप सिंह भाटिया, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, अजीत वैध, अरुण सिंह,शिवेंद्र परिहार, बिजेंद्र भारद्वाज, राकेश सेन, काशीराम कोसरे, काशीराम रात्रे, नजहत परवीन, बृजलाल पटेल, मनीष साहू, श्रद्धा सोनी एवं जनप्रतिनिधियों व सहायक अभियंता आरके पलिया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अधिकारियों ने भी सम्मान किया।

- स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

# गर्ल्स कॉलेज में वीर बालदिवस का आयोजन, हुई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई

संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि आज के दिन वीर सपूतों के बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना मूल उद्देश्य है ताकि वे ऐसे भारत के वीरों से प्रेरणा ले सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिष्चित कर सकें।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरू गोविंद सिंह द्वारा स्थापित खालसा पंथ और उनके पुत्रों द्वारा दिये गये बलिदान पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर छात्रा कु. प्रेक्षा यादव ने बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतहसिंह के बलिदान की गाथा बतायी। कु. आर्या अवस्थी ने कविता के साथ भाषण की शुरूआत की एवं कहा कि धार्मिक राष्ट्रवाद से संप्रभुता स्थापित है और फिर देश के लिए बलिदान की भावना जागृत होती है। कु. सुषमा एवंकु. वेतिका ने भी वीर बालकों की शहादत पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई।

**गेहूं की फसल में नैनो यूरिया व डीएपी के छिड़काव का किया प्रचार-प्रसार**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि एवं किसान कल्याणए मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न केन्द्र परिवर्तित योजनाओं के आवरण में हितग्राहियों को सम्मिलित करने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का जिले में क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किये जाने के साथ-साथ नैनो उर्वरक का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग से प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित कर नैनो उर्वरक का उपयोग कराकर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाना है।

- कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग की प्रदर्शनी

इसी कड़ी में ग्राम बोरई विकासखण्ड दुर्ग में ड्रोन के माध्यम से गेंहू फसल में नैनो यूरिया एवं डीएपी का छिड़काव जीवंत प्रदर्शन आयोजित कर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एसके थापक वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, ओपीभट्ट कृषि विकास अधिकारी, व्हीसजिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, श्रीमति भाना बाई जनपद सदस्य, श्रीमति पदमा साहू सरपंच, कृषक झावेन्द्र भूषण, दीपक यादव, लोचन सिन्हा, भोपाल साहू, परमान्द यादव एवं अन्य 30 कृषकगण के साथ-साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।



### कृषकों को दी जानकारी

कृषक झावेन्द्र भूषण द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में नव निर्वाचित विधायक ललित चन्द्राकर के उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बोरई में कृषकों की आय दुगुनी एवं उत्पाद समर्थन मूल्य बढाये जाने व फसलों में लगने वाली लागत को कम करनें के संबंध में कथन बताया। कृषक लोचन सिन्हा द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत उनके खेतों का मिट्टी जांच से उस पर लगने वाली लागत, अच्छी उत्पादकता के लिए क्या-क्या करना चाहिए तथा संतुलित उपज प्राप्त करने के संबंध में बात ही। कृषक तोमन साहू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित है जिन्होनें योजना के बारे में अपना अनुभव व्यक्त किये।

### मेरी कहानी, मेरी जुबानी

ललित मोहन भगत उप संचालक कृषि ने बताया कि अबतक जिले में 161 ग्रामों में शिविर का आयोजन हो चुका है जिसमें 15419 कृषकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वही 961 कृषकों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभ का व्याख्यान, 115 कृषक ने प्राकृतिक खेती का व्याख्यान, 91 कृषक स्वायल हेल्थ कार्ड का व्याख्यान कर मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपना अनुभव अन्य कृषकों के समक्ष प्रस्तुत किया है साथ ही मैदानी अधिकारियों को 43 कृषक किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुये है।

## पेज 9 के शेष

### इंधन की किल्लत दूर ...

पेट्रोल एवं 9000 लीटर डीजल की आपूर्ति की गई है। इस तरह से आज जिले के उपरोक्त कुल 06 पेट्रोल पंपों में अतिरिक्त डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति की गई है। पेट्रोल-डीजल की बिक्री जारी, गैस सिलेंडर भी पर्याप्त : जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले के जिले के 37 पेट्रोल पंपों में पेट्रोल एवं डीजल का निरंतर रूप से विक्रय जारी है। इसके साथ ही 28 पेट्रोल पंपों में रिजर्व स्टॉक रखकर अतिआवश्यक सेवाओं के तहत उन्हें पेट्रोल एवं डीजल प्रदान की जा रही है। इसी तरह जिले में कुल 11 गैस एजेंसियों संचालित है जहाँ कुल 3001 नग भरा हुआ सिलेण्डर उपलब्ध है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति निरंतर सुनिश्चित की जा रही है। जिससे कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### जिले में आवश्यक वस्तुओं ...

देशमुख की ड्यूटी दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगाई गई है। महेन्द्र देशमुख का मोबाईल नंबर 9755887973 है। भू–अभिलेख शाखा के सहायक ग्रेड 03 कोमल ठाकुर की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक लगाई गई है। कोमल ठाकुर का मोबाईल नंबर 9109462757 है। कंट्रोल रूम में जिला कार्यालय बालोद के भृत्य सुंदर लाल लहरे की भी ड्यूटी लगाई गई है। सुंदर लहरे का मोबाईल नंबर 7987557071 है।

## खबर संक्षेप

### प्रयास बालिका स्कूल में लोकनाट्य का मंचन

**रायपुर।** प्रयास बालिका आवासीय स्कूल गुढ़ियारी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को लोकनाट्य दशमत का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक, निर्देशक एवं गीतकार-संगीतकार राकेश तिवारी हैं। विद्यालय की प्राचार्या मंजुला तिवारी ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस नाटक में सुदामा शर्मा, मीना विश्वकर्मा, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, घनश्याम वर्मा, उत्तम ठाकुर, हेमलाल पटेल, मोहन साहू एवं महेश कौशिक शामिल रहे।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी छह हजार रुपए सहित 94 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक परसूलीडीह निवासी डोमन लाल सिन्हा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डोमन लाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### सिगरेट नहीं देने पर राड से किया हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ राड से हमला करने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राकेश सोनकर ने रोहित, राहुल तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया कि वह रास्ते में सिगरेट पीने के लिए रुका था, इसी दौरान रोहित तथा उसके अन्य साथी ने राकेश से सिगरेट की मांग की। इनकार किया तो बदमाशों ने राकेश के साथ मारपीट की।

### होटल के पास घूमने से मना करने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी मनोज पाल ने महेंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उसके साथी साहू होटल के पास घूम रहे थे, तब उसने उन लोगों को होटल के पास घूमने से मना किया तो उन्होंने मनोज के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

## योजना : गांव-गांव पहुंच रही केन्द्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा

# जिले में आयोजित संकल्प यात्रा शिविरों में 1199 हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रही है।

संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1199 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 107 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 60 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 157 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 159 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 34 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी, जामगांव बी और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम झिटिया, सिंगारपुर, सिवनी एवं बटेरा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोगरी एवं सरेखा में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम गंगोरीपार एवं डढारी तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पचेड़ा एवं पटेली में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसी तरह ग्राम चिरईगोड़ी, जामगांव बी, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम झिटिया, सिंगारपुर में भी आयोजित शिविर का आयोजन कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिए गए। वहीं, कई लोगों को सामग्री का वितरण किया गया।

# अक्षत कलश यात्रा का नगर में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित करने के लिए भेजे गए अक्षत कलश का डौंडी नगर में विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। अक्षत कलश यात्रा निकालकर लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

विशेष कलश पूजन के बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा निकाली गई और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का डौंडीवासियों को आमंत्रण दिया गया। शुक्रवार को श्रीराम जानकी मंदिर और हनुमान मंदिर डौंडी की ओर से पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पूजा के बाद निकली शोभायात्रा बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर से कलश पूजन के साथ रामभक्तों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में रूपेश नायक, अशोक कोठारी, लखन जायसवाल, निलेश जायसवाल, विनय जायसवाल, ममता जैन, पिंटू नाहर, प्रेम शुक्ला, शिवम दूबे, रूपू कोठारी ने संयुक्त रूप से कलश पूजन किया। पूजन के बाद भव्य शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार पारा और विभिन्न क्षेत्रों में निकली और वापस राम जानकी मंदिर में संपन्न हुई।

# अतिक्रमण का आरोप, पूर्व सरपंच ने एसडीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व सरपंच देवगहन लोकेंद्र साहू ने अनुवभागीय अधिकारी गुंडरदेही कार्यालय पहुंचकर गांव में अवैध कब्जा किए जाने की जानकारी देकर हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम देवगहन निवासी भूपेंद्र साहू पिता स्व. रुपराम साहू द्वारा खसरा नंबर 610 रकबा.29 हेक्टेयर भूमि पर तालाब पार रानी लक्ष्मीबाई मूर्ति के पास अतिक्रमण किया गया है।

उन्होंने उक्त निर्माण को हटाने की मांग अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम से की। विदित हो कि उक्त विवादित भूमि पर तहसील न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय गुंडरदेही द्वारा सन 2011-12 में यथावत घास मद में रहने बाबत आदेश पारित किया जा चुका है।इसके बावजूद भूपेंद्र साहू अतिक्रमण कर निवासरत है। पूर्व सरपंच लोकेंद्र साहू का कहना है कि अतिक्रमण की इस घटनाक्रम से गांव में अन्य अतिक्रमणकारियों को बल मिल रहा है एवं गांव में अतिक्रमण रोकना अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि गांव के बीचों बीच स्थित उक्त भूमि शासकीय योजनाओं के भवन के लिए अतिउत्तम है। पीछे की भूमि पर भूतपूर्व राज्यसभा सांसद मोतीलाल वोरा के मद से 5 लाख रुपए से अहाता निर्माण, भूतपूर्व सांसद विक्रम उसेंडी द्वारा भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए स्वीकृति दी गई थी तथा वर्तमान विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा शेष अपूर्ण अहाता के लिए विधायक निधि से 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिस पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## मुख्यमंत्री साय से मिले जिपं सदस्य पुष्पेंद्र



**बालोद।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर नववर्ष तथा प्रदेश में भाजपा की नई सरकार बनने पर बधाई दी। इस दौरान पुष्पेंद्र चंद्राकर ने प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 108 वीं कड़ी के प्रसारण को भी सुना। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गुण्डरदेही आने का निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया।

# जिले में अब तक 3,98,981 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 181 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। उनमें से अब तक 93 हजार 850 किसानों द्वारा कुल 03 लाख 97 हजार 981 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है, जिसकी कुल राशि 871 करोड़ 97 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 03 लाख 54 हजार 319 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 02 लाख 51 हजार 894 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 46 हजार 87 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 5524 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,184 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नववर्ष का किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में नया वर्ष का स्वागत धूमधाम से एवं खुशियां मनाते हुए किया गया। इस अवसर पर बालोद एवं आसपास के गांव के भाई–बहन ने परमात्म घर से अपने नए दिन एवं नए साल की शुरुआत करने पहुंचे। संस्था की मुख्य संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा नए वर्ष में अपने पुराने स्वभाव संस्कार को समाप्त कर नई देवी दुनिया में जाने के लिए दिव्य गुण व दिव्य शक्तियों को धारण करने का संकल्प लेना है। यह जनवरी मास विशेष तपस्या मास के रूप में मनाया जाता है इस तपस्या मास में सभी ब्रह्मा कुमार एवं ब्रह्माकुमारी बहने विशेष तपस्या करते हैं। बीके. सरिता दीदी ने कहा कि हर वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प विचार व प्रॉमिस अपने आप से करते हैं, अपनी योजनाओं परियोजनाओं एवं सपनों को साकार करने हेतु मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है, उन में बहुत से संकल्प सकारात्मक नकारात्मक या कमजोर होते हैं, नकारात्मक या कमजोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते और हमारे व्यक्तित्व को भी निखरने नहीं देते, जिससे हम जिंदगी से ही हताश और निराश होने लगते हैं।

### राजयोग शिविर आज से

इस नए वर्ष को खुशनुमा जीवन बनाने के लिए सात दिवसीय राजयोग शिविर प्रारंभ किया गया, जिसमें 2 जनवरी से प्रातः 8 से 9 बजे एवं शाम 4 से 5 बजे एवं रात्रि 7 से 8 तक आप सभी भाई बहने इस शिविर का लाभ ले सकते हैं, इसके अलावा यहां 350 मूर्तियों का बहुत सुंदर म्यूजियम भी बना हुआ है, इसका भी लाभ ले सकते हैं, नए वर्ष के अवसर पर बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।




# ग्राम उरझे की क्रिकेट टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

■ ग्राम दारूटोला में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता समाप्त

ग्राम दारूटोला में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पीयूष सोनी उपस्थित थे। फाइनल मैच में ग्राम उरझे एवं कोटागांव के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस रोमांचक मैच में ग्राम उरझे की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और कोटागांव की टीम को कड़े मुकाबले में पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। स्पर्धा में दाऊटोला की टीम तीसरे स्थान पर तथा नलपानी की टीम चौथे स्थान पर रही। सभी खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में कुल 20 टीमों ने भाग लिया था। श्री सोनी ने खिलाड़ियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ब्लॉक के समस्त खिलाड़ियों को आगे स्तर में खेलने के लिए प्रेरित किया एवं शिक्षा एवं खेल के प्रति हर संभव मदद करने की बात कही।

कार्यक्रम में आदिम जाती सेवा सहकारी साल्हे के अध्यक्ष बीरेंद्र तारम, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आदेश्वर भेंडिया, नरेश करपाल , प्रदीप कुमार दिल्लीवार, राहुल बारला, रुद्र भेंडिया आदि उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ती निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँः-

1. यह कि, मेरा नाम, पता विवरण उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मेरे समस्त शासकीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम सोमलता ठाकुर दर्ज है। जो कि सही है।
3. यह कि, मेरे नाम से बजाज एलाइन्स लाईफ लांग इन्सुरेंस रेगुलर प्रीमियम में पॉलिसी संख्या 0317163822 में मेरा नाम कु. सोमलता जयसिंधु पिता अकबर सिंह, ग्राम-रांकाडीह, पोष्ट- भोथीडीह, तहसील - मगरलोड, जिला - धमतरी (छ.ग.), पिन कोड - 493662 दर्ज हुआ है जो कि सही है। चूंकि मेरी शादी के बाद मैं सोमलता ठाकुर के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।
4. यह कि, वर्तमान में मेरा नाम परिवर्तित हो गया है। अतः पॉलिसी में भी सोमलता ठाकुर किया जाए।
5. यह कि, इसके संदर्भ में आधार कार्ड, पेन कार्ड व विवाह प्रमाण पत्र प्रस्तुत है
6. यह कि, बजाज एलाइन्स लाईफ लांग इन्सुरेंस रेगुलर प्रीमियम द्वारा मुझे बोनस के रूप में चेक जारी किया जाता है जिसमें मेरा नाम सोमलता जयसिंधु की जगह सोमलता ठाकुर किया जाए।
7. यह कि, पॉलिसी की बोनस राशि 7000 रू. सीधे मेरे खाता नंबर 31360100018077 में डाला जाए।
8. यह कि, शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ती की होगी ।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती सोमलता ठाकुर तसदीक करती हूँ कि शपथ पत्र कंडिका 01 से 08 तक के कथन मेरे अधिकतम ज्ञान / विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 05/06/2023 को स्थान डौण्डीलोहारा में पढ़ समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ ।

सत्यापनकर्ती



## योजना : विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लिए जा रहे आवेदन

# शिविरों के माध्यम से गांव-गांव पहुंच रही केंद्र शासन की योजनाएं, लोगों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। सोमवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोगरी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 29 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 06 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 07 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 22 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 09 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 07 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम सरेखा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 01 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 01 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पचेड़ा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 23 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 03 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 17 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 24 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम पटेली में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 08 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 06 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 20 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 14 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

### गंगोरीपार में 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम गंगोरीपार में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 05 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 01 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 09 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 09 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

### डढारी में लगा शिविर

इसी तरह ग्राम डढारी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 06 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 05 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 03 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने जाना फ्लाईएश से कैसे बनता है ब्रिक्स

**गुरूर।** स्वामी आत्मानंद स्कूल गुरुर की व्यवसायिक पाठ्यक्रम रिटेल के छात्रों द्वारा ब्रिक्स इंडस्ट्रीज का औद्योगिक भ्रमण किया गया। संस्था प्रमुख विजय मगेंद्र एवं अमीता मगेंद्र के द्वारा छात्राओं को फ्लाई एस ब्रिक्स की जानकारी प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत कच्चा माल, निर्माण प्रक्रिया, हैंडलिंग भंडारण, बिक्री और उपयोग किए जा रहे तकनीक के बारे इस दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षक आशुतोष सिंह और विपिन चंद्राकर मौजूद थे। संस्था प्रमुख प्राचार्य बीपी. यादव एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को इस अवसर का पूर्ण लाभ लेने प्रत्साहित किया। एनएसडीसी नई दिल्ली एवं समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वधान में कौशल विकास का यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

### डांडेसरा में लगा एनएसएस शिविर



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम डांडेसरा में आयोजित की गई है। शिविर का उद्घाटन ग्राम सरपंच विजय लक्ष्मी साहू द्वारा की गई। अध्यक्षता प्राचार्य केआर कोवाची के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष सोमन लाल हिरवानी, ग्राम पटेल ईश्वरी लाल साहू, बोधीराम खलिहारी, कुम्भनलाल कलिहारी, चुम्मनलाल अठभैया उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेवक ने राजकीय गीत के साथ किया। शिविर के माध्यम से स्वच्छता, नशा उन्मूलन, सामाजिक कुरीतियां के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया।

### दल्लीराजहरा में मनाया गया भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस



**दल्लीराजहरा।** महाप्रज्ञा बुद्ध विहार न्यू मार्केट दल्ली राजहरा में 1 जनवरी को नववर्ष व शौर्य दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भीमा कोरेगाव में जिन 500 मराठाओं ने अंग्रेजों से मिलकर के अपने हक के लिए लाखों करोड़ों पेशवाओं से संघर्ष करके विजय हासिल की उनकी शहादत को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डाक्टर टीकाराम बोरकर, अध्यक्ष भीमराव भैसारे, उपाध्यक्ष सुरेश कांबले, कोषाध्यक्ष सुनील गोटे, वरिष्ठ उपासक एकनाथ सहारे, त्रिभुवन बौद्ध एवम समस्त उपासको द्वारा बुद्ध धम्म संघ की सामूहिक पूजा अर्चना की गई।समारोह में मुरली वाघमारे, लक्की रामटेके, यशवर्धन कांबले,आशीष कांबले अन्य आदि उपस्थित थे।

## जामगांव में मनाई गई गुरू घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



परिक्षेत्र सतनामी समाज जामगांव ने 31 दिसंबर को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई। इसमें 23 ग्रामों के सामाजिक बंधु एवं महिलाओं ने सम्मिलित होकर बाबा जैतखंभ एवं गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर प्रसादी ग्रहण किए।

मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत सदस्य अशोक साहू थे, अध्यक्षता संरक्षक परिक्षेत्र सतनामी समाज राजा राम गहीरवार ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजेश ठाकुर, सभापति रूपचंद साहू, सभापति बिमला कोसरे, महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला, मंडी सदस्य भक्तु राम गायकवाड़, पवन डहरे, बाला राम कोसरे, सुखदास डहरे मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष साहू ने बाबा गुरु घासीदास जी ने हमें मानवता, सत्य, प्रेम, करुणा, छुआछूत, दुर्व्यसन से दूर रहने का संदेश दिया है। आज युवा पीढ़ी को हमारे संत महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। सतनामी समाज के वरिष्ठजनों, ग्रामीण अध्यक्ष, भंडारी, छड़ीदारों का सम्मान भी किया गया। मंच संचालन शीतल कोठारी,एवम् आभार कुणाल सतनामी ने किया। भनसूली(आर) के बालिका सतनाम पंथी पाटएँ द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विष्णु चतुर्वेदी, लक्ष्मीनारायण, गोवर्धन घृतलहरे, इंदिरा कौशिक, संतोषी देशलहरे, सूखदास माहेश्वरी, बसंत मारकंडे, रिखी नारंग, श्याम लाल देशलहरा, शेखर देशलहरे, बिरेंद्र सोनवानी, मुरली डहरे, देवेंद्र, मंजू भारती, धनराज, देवनारायण, प्रेमलाल जोशी, रामकृष्ण साहू, ऋषभ चंद्राकर, उमेश, पृथ्वीराज, सेवक, सुधांशु ,कार्तिक डहरे, धनाजित, हिंछा महिपाल, हेमलाल, शेखर, किशन, विजय, तेजेंद्र बघेल, मनोज बंजारे, पुरषोत्तम महिलांगे, भीमन मंडलेश सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## बालोद पुलिस ने लांच किया साइबर मड़ई रथ

# गांव-गांव मेले-मड़ई में लोगों को दी जा रही साइबर अपराध से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नव वर्ष 2024 के अवसर पर बालोद पुलिस द्वारा नई पहल करते हुए साइबर अपराध से बचाव और लोगों को जागरूक करने साइबर मड़ई रथ लॉन्च किया गया। पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने इस मड़ई सीज़न पूरे जिले के गांव, शहरों में साइबर मड़ई रथ चलेगा।

नए साल के प्रथम दिवस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में एवं अति पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन व साइबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू के नेतृत्व में साइबर सेल टीम बालोद के द्वारा साइबर मड़ई रथ तैयार किया गया, जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर साइबर मड़ई रथ को रवाना किया गया। इस मड़ई सीजन में बालोद जिले के गांव, शहरों में जहां-जहां मड़ई आयोजित होगी, उन जगहों पर लोगों की उमड़ने वाली भीड़ को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बचाव के तरीके बताए जाएंगे। लोगों में जागरूकता का अभाव होने के कारण आए दिन साइबर अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। साइबर अपराधी नए नए तरीके से लोगों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी कर रहे हैं। सोशल मीडिया एप्स पर फेंक आईडी व अकाउंट हैक संबंधित शिकायतें आ रही हैं। इन सभी रिपोर्ट के मद्देनजर साइबर क्राइम पर लगाम कसने लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर जिले को साइबर अपराध से मुक्त करने साइबर मड़ई रथ जिले में लगातार दौड़ेगी।

### टोलफ्री नंबर 1930 पर कॉल करने या ऑनलाइन शिकायत का सुझाव

पुलिस अधीक्षक ने साइबर मड़ई रथ के माध्यम से ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी होने पर टोलफ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज़ कराने को कहा गया है। आपका मोबाइल चोरी या गुम हो जाने पर पोर्टल पर मोबाइल एवं पर्सनल डिटेल्स के साथ रिपोर्ट दर्ज करें। साइबर मड़ई रथ के शुभारंभ पर डीएसपी नवनीत कौर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पांडे, ट्रैफिक प्रभारी राकेश ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दल्लीराजहरा उत्कल समिति ने मनाया नया वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



उत्कल समिति में उड़िया समाज द्वारा 31 दिसम्बर की संध्या साल की बिदाई एवं आने वर्ष 2024 के स्वागत के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके चीफ गेस्ट एसजेएसपीएल से एसके राउत राय एचआर एडमीन हेड थे। कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ गेस्ट के द्वारा भगवान जगन्नाथ के तेल चित्र पर पुष्प, गुलाल धुप दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत उड़यि स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। चीफगेस्ट द्वारा समाज को संबोधित करते हुए कहा उड़यि समाज ने मुझे मुख्य अतिथि से सम्मानित कर गौरवान्वित किया गया। हम समाज को आगे बढ़ाने के लिए व समाज हित हमेशा तत्पर रहेंगे। इसके साथ सभी समाज के समस्त सदस्यों महिलाओं बच्चों तथा नगर के नागरिकों को साल के अंतिम बिदाई एवं वर्ष 2024 की मंगलकामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उड़यि समाज के नये सदस्य एसजेएसपीएल के एचआर एडमीन हेड एसके राउत राय एवं राधाकृष्णन पटनायक एजीएम को सदस्यता ग्रहण कर उड़यि समाज में शामिल किया गया।

इसके साथ ही विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिता कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, गीत व नृत्य सहित अन्य छोटे छोटे खेल प्रतियोगिता के साथ साल की बिदाई एवं नव वर्ष 2024 की स्वागत का हर्षोल्लास के साथ मनोंरंजक उत्सव मनाया गया खेल में प्रमुख रूप से उड़यि समाज के महिला एवं छोटे छोटे बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज के सभी वर्ग के लोग एक जगह एकत्रित होकर गीत व नृत्य कर हर्षोलास के साथ ही समाज के लोग एक दुसरे को गले लगाकर व सहर्ष अभिवादन के साथ नव वर्ष की बधाई शुभकामना संदेश दिये।

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतियोगियों को चीफ गेस्ट एसके राउतराय एचआर एडमीन हेड के कर कमलों से पुरस्कार वितरण कर उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया गया।

इस कार्यक्रम में एसजेएसपीएल के एचआर एडमीन हेड एसके राउत राय एवं एजीएम राधाकृष्णन पटनायक का प्रमुख योगदान रहा। समाज के राजेन्द्र बेहरा, विजय कुमार भंजा, राज किशोर मोहंती, चंन्द्र शेखर , दीपक पटनायक, अशोक बेहरा, प्रमोद चैधरी, टी कांता राव, भगवान बिसोई, एम सुतार, दशरथ महंत, प्रमोद नायक , मिहिर सुआंई सहित समाज के महिला एवं बच्चे उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण-सुदामा जैसी हो मित्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला जारी

महावीर ने फरमाया है कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है, धर्म हमेशा भीतर में होता है, ज्यों ज्यों बाहर में जाते चले जाते हैं, त्यों त्यों धर्म दूर होता चला जाता है। आज बाहर में हमारी जान पहचान बहुत हो गई है। बाहर में जानने की जिज्ञासा बहुत बढ़ गई है, लेकिन यह सब भीतर में प्रसन्नता नहीं प्रदान करती। आज की भौतिकवादिता संसाधनों से संस्कृति दूर होती चली जा रही है, विदेश की संस्कृति करीब आ रही है, जो मिल रहा है वह हमें नकली सुख प्रदान कर रहा है। असली भारतीय संस्कृति हमसे दूर होती चली जा रही है।

हम बिना मतलब के चिंता में गम को पा रहे हैं, शांति हमसे निरंतर दूर होती चली जा रही है। भगवान कहते हैं दोस्ती करो, परिचय बढ़ाओ लेकिन मित्रता जो हमारे से अच्छा हो, जो दुख, दर्द, विपत्ति में सदैव काम आवे ऐसे लोगों से मित्रता हमारी होनी चाहिए। आज निरंतर संस्कृति नीचे की ओर जा रही है रहन–सहन खान व धर्म से लोग दूर हो रहे हैं हमें अपने प्रभु पर भी विश्वास नहीं रहा। उक्त उधर महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला के दौरान शासन दीपिका श्री मंजुलाश्री जी मसा ने कहीं। साध्वी जी ने कहा कि जैन धर्म के अनुयाई अन्य धर्म की नकल कर रहे हैं, उन्हें जो आदि अनादि काल से भगवान आदिनाथ के परंपरा के बाद निरंतर तीर्थंकर भगवान की जिनवाणी अमृतवाणी प्राप्त हो रही है, सत्संग प्रभु का संग दिखता है। उन्होंने कहा कि दोस्ती हो तो कृष्ण व सुदामा जैसी हो। श्री कृष्ण बिना बताए भी सब कुछ दे देते हैं। लोगों के दुख दर्द को पी जाते हैं। धर्म को समझें धर्म से दोस्ती करो, यह असली मित्र धर्म है। अपनी आत्मा को अगर बचाए रखें तो निश्चित रूप से सच्चे सुख की प्राप्ति होगी। व्यक्ति सेवा व स्वाध्याय के साथ निरंतर जुड़े, भगवान महावीर ने सत्य अहिंसा का धर्म बताया जिसे जैनी लोग निरंतर छोड़ते जा रहे हैं अन्य धर्म के लोग इस पर आगे चलकर आज विश्व में राज कर रहे हैं।

## रामायण ग्रंथ वितरण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह व वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से सोमवार को सांसद मोहन मंडावी व सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने मुलाकात कर नववर्ष की बधाई दी। साथ ही गुण्डरदेही में 18 या 19 जनवरी को होने वाले तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वावधान में रामायण ग्रंथ वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व डॉ रमन सिंह को मुख्य अतिथि के रूप शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और आने की सहमति प्रदान की।

बता दें कि सांसद मोहन मंडावी द्वारा रामचरित मानस ग्रंथ की 48 हजार प्रतियां छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में वितरित की जा चुकी है और अब 31 सौ प्रतियां वितरित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने का लक्ष्य है।







